# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in


पत्र संख्या- 289/2026 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक- 25.07.2026

**प्रेस-विज्ञप्ति दिनांक : 25.07.2026**

**थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़**

## अवैध तमन्चा के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

### थाना फूलपुर पुलिस की कार्रवाई, शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर भेजा गया न्यायालय

जनपद में अवैध शस्त्र रखने एवं बेचने वाले अपराधियों तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार** द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी फूलपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक फूलपुर **देवेन्द्र प्रताप सिंह** के कुशल निर्देशन में थाना फूलपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

**कृत कार्यवाही/ गिरफ्तारी का विवरण-**

दिनांक 24.07.2026 को उपनिरीक्षक सुधीर कुमार सिंह मय हमराह के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों की तलाश में भ्रमणशील थे। इसी दौरान सूचना पर **दुर्वासा गेट मोड़** से अभियुक्त **विनोद राजभर पुत्र सीकम राजभर, निवासी ग्राम कोठवा, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़, उम्र 27 वर्ष** को समय **रात्रि 09:30 बजे** गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से **एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर** बरामद हुआ। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

बरामदगी के आधार पर थाना फूलपुर पर **मु0अ0सं0- 234/2026, धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम** बनाम विनोद राजभर पंजीकृत किया गया है।

**पंजीकृत अभियोग-** मु0अ0सं0- 234/2026, धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़।

**गिरफ्तार अभियुक्त-** विनोद राजभर पुत्र सीकम राजभर, निवासी ग्राम कोठवा, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़, उम्र 27 वर्ष।

**बरामदगी-** 01 अवैध तमंचा .315 बोर।

**आपराधिक इतिहास-**

1. **मु0अ0सं0 234/2026, धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम, थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़।**
2. **मु0अ0सं0 414/2023, धारा 354, 456, 504, 506 भा.दं.सं., थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-** उ0नि0 सुधीर कुमार सिंह,का0 अनिल प्रसाद, का0 जितेन्द्र कुमार यादव थाना फूलपुर, जनपद आजमगढ़ ।